## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool off time : 15 Minutes

*General Instructions to Candidates :*

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना :** निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और 1 से 4 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

आदमी का स्वप्न? है वह बुलबुला जल का,
आज बनता और कल फिर फूट जाता है;
किंतु, तो भी धन्य; ठहरा आदमी ही तो !
बुलबुलों से खेलता, कविता बनाता है ।
मैं न बोला, किंतु मेरी रागिनी बोली,
चाँद! फिर से देख, मुझको जानता है तू?
स्वप्न मेरे बुलबुले है? है यही पानी?
आग को भी क्या नहीं पहचानता है तू!

**प्रश्न :**

1. यह कवितांश किस कविता से लिया गया है? **(1)**

2. कविता के 'रागिनी' शब्द का समानार्थी शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखिए ।
(उपन्यास, नाटक, कविता, कन्या) (1)

3. जल के बुलबुले की विशेषता क्या है? (2)

4. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । (6)

**सूचना :** निम्नलिखित खंड पढ़िये और **5** से **10** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

रामशरण अपनी पत्नी के साथ ससुराल गया था । वहाँ पहुँचा तो उसको मालूम हुआ कि वहाँ संपत्ति का बँटवारा हो रहा है ।

ससुर ने अपने चारों पुत्रों में संपत्ति का बँटवारा समान रूप से किया और बड़े पुत्र से कहा, "मैं तुम्हारे साथ रहना चाहता हूँ ।" मगर बड़े पुत्र ने कहा, "मेरे यहाँ रहने पर चारों बहनें यहाँ आयेंगी और मेरे लिए खर्च अधिक आयेगा । इसलिए मैं आपको अपने पास रखने में असमर्थ हूँ ।"

शेष तीनों भाईयों ने भी यही बात कही । अंत में ससुर ने चार बहिनों को भी चारों भाईयों में बाँट दिया ।

एक एक भाई को अकेली बहिन का खर्च स्वीकार था और स्वयं तीन तीन महीने एक एक पुत्र के यहाँ रहने का निश्चय किया । सभी सहमत हो गये ।

वापस घर आते समय रामशरण सोच रहा था कि संपत्ति का बँटवारा तो देखा है, यहाँ रिश्तों का बँटवारा तो पहली बार देखा है ।

(ससुराल - पत्नी का घर, ससुर - Father of the wife, बँटवारा करना - to divide, रिश्ता - relation)

**प्रश्न :**

5. रामशरण कहाँ गया था? (1)

6. ससुर ने अपने चारों पुत्रों में संपत्ति का बँटवारा कैसे किया? (1)

7. बड़े पुत्र ने पिता से क्या कहा? (2)

8. घर वापस आते समय रामशरण सोच रहा था कि संपत्ति का बँटवारा तो देखा है, यहाँ रिश्तों का बँटवारा तो पहली बार देखा है । रामशरण की उस दिन की डायरी लिखिए । (7)

9. खंड का संक्षेपण कीजिए । (6)

10. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखिए । (1)

**सूचना :** निम्नलिखित 11 से 16 तक के प्रश्नों का उचित हिंदी शब्द कोष्ठक से चुनकर मिलान कीजिए। (6)

(खोज, रद्द करें, प्रस्थान, ईक्षण, गोपनीयता, संचिका, कूड़ेदान)

11. Cancel

12. Editing

13. File

14. Trash

15. Privacy

16. Search

**सूचना :** जुलूस नाट्यरुपान्तर के बीरबलसिंह के निम्नलिखित कथन पढ़िये और प्रश्न **17** का उत्तर लिखिए ।

बीरबलसिंह : तुम लोगों को आगे जाने का हुक्म नहीं है ।

: फिर से सोच ले । बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा ।

: अभी तो वक्त है, इब्राहिम अली साहब .... आप मेरे सामने से हट जाएँ ।

**17.** इस कथन के आधार पर बीरबलसिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए । **(4)**

**सूचना :** निम्नलिखित दोहा पढ़िये और प्रश्न **18** एवं **19** का उत्तर लिखिए ।

लघुता से प्रभुता मिले, प्रभुता से प्रभु दूरि ।
चींटी ले शक्कर चली, हाथी के सिर धूरि ।।

**18.** 'धूली' शब्द का समानार्थी शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखिए ।
(चींटी, हाथी, धूरि, दूरि) **(1)**

**19.** इस दोहे का भावार्थ लिखिए । **(4)**

**20.** निम्नलिखित अंग्रेजी बातचीत का हिंदी में अनुवाद कीजिए । **(6)**

Hema : Hello, Sreekala! Where are you going?

Sreekala : I am going to Ernakulam.

Hema : For what?

Sreekala : I have an interview for a teacher's post at Navodaya Vidyalaya.

Hema : Which subject you have taken for your M.A.?

Sreekala : Hindi. It is my favourate subject.

( interview – साक्षात्कार, favourate – पसंदीदा )

21. निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर वार्तालाप तैयार कीजिए ।
संभ्रान्त महिला रेलगाड़ी से कुछ चीज़ें बाहर फेंकती जा रही थी । तब सहयात्री और संभ्रान्त महिला के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- रेलगाड़ी से चीज़ें बाहर फेंकना
- सहयात्री द्वारा पूछा जाना
- नि:स्वार्थ सेवा
- दुनिया में रहने लायक (7)

**सूचना :** निम्नलिखित 22 से 26 तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **(3 × 8 = 24)**

22. निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर पत्र लिखिए ।
बच्चे से भेंट होने पर दिलीप को मालूम हुआ कि असली दु:ख क्या है? इसलिए वह हेमा का पत्र फाड़ देता है । असली दु:ख क्या है – यह समझाने के लिए दिलीप हेमा के नाम पर एक पत्र लिखता है । वह पत्र कल्पना करके लिखिए ।

**सहायक बिंदु :**

- बच्चे से भेंट
- माँ–बेटे की परेशानियाँ
- माँ–बेटे का प्यार
- असली दु:ख की पहचान और तुलना

23. निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखिए।

**सहायक बिंदु :**

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद, छायांकन, गीत आदि
- फिल्म की समग्रता पर अपना दृष्टिकोन

24. निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर सम्पादकीय तैयार कीजिए।

'जनसंचार माध्यम का प्रभाव – छात्रों में लाभ और हानि' इस विषय पर सम्पादकीय तैयार कीजिए।

**सहायक बिंदु :**

- मोबैल, टेलिविजन, इन्टरनेट – आधुनिक युग का वरदान
- बटन दबाने पर दुनिया भर की खबरें
- दुनिया भर के लोगों से सम्पर्क
- युवा पीढ़ी का आकर्षण
- विपत्तियाँ – माध्यमों का दुरूपयोग

25. दिये गये सहायक बिंदु के आधार पर निम्नलिखित विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए।

'पोलसन' कंपनी के द्वारा रेफ्रिजरेटर का एक नया मोड़ल बाज़ार में आया है। उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**सहायक बिंदु :**

- नई कुल शोवर टेक्नोलजी
- बेहतरीन डिज़ाईन
- पसंदीदा रंगों में
- मुफ्त मिक्सर ग्राइन्डर

26. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की ये चेतावनियाँ पढ़िए ।

| |
|---|
| स्कूल और कालिजों के छात्र नशीले पदार्थों के शिकार : सावधानी |

| |
|---|
| नशीले पदार्थ : मस्तिष्क एवं शरीर के लिए हानिकारक |

| |
|---|
| नशीले पदार्थों से भरा जीवन मानवता को नष्ट करने के लिए पर्याप्त है । |

नशीले पदार्थों की बिक्री में कानूनी रोकथाम होने पर भी स्कूल के पास इसकी बिक्री बढ़ रही है । बार-बार शिकायत करने पर भी कोई फायदा नहीं हुआ ।

इस विषय पर क्या कारवाई की गयी, उसकी जानकारी पाने के लिए रवीन्द्रन पी, अध्यापक अभिभावक संघ के अध्यक्ष, रामविलासम उच्च माध्यमिक विद्यालय, कन्नूर की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, नारकोटिक विभाग, केरल सरकार के नाम पर एक सूचना अधिकार पत्र तैयार कीजिए ।

(नशीले पदार्थ - narcotics, सावधानी - attention)